शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /520/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 23/06/2022

**//सूचना//**

**सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं के ऑनलाईन प्रवेश आवेदन में त्रुटि सुधार के संबंध में।**

*****

लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 16.06.2022 से प्रारंभ किया गया है। पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदक छात्र–छात्राओं को त्रुटि सुधार करने का अवसर दिया गया है। परन्तु यह देखा गया है कि कई आवेदक छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन आवेदन में हुई त्रुटि में आवश्यक त्रुटि सुधार नहीं कर सके हैं और विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर/ई–मेल/व्हाटसअप के माध्यम से आवेदन प्रेषित कर/अधिकारियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर त्रुटि सुधार हेतु अनुरोध करते हैं।

सूचित किया जाता है कि आवेदक छात्र–छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया के दौरान आवेदन में दर्ज की गई प्रविष्टियों 1. पाठ्यक्रम का नाम, 2. वर्ग (Gen/SC/ST/OBC) 3. जेन्डर (Male/Female/TG), 4. संकाय परिवर्तन, 5. अधिभार में की गई त्रुटि में सुधार नहीं किया जा सकेगा, जिससे कि महाविद्यालय द्वारा जारी की गई मेरिट/चयन सूची प्रभावित न हो एवं संबंधित महाविद्यालय में अन्य छात्र/छात्राओं का मेरिट/चयन प्रभावित न हो। पाठ्यक्रम में परिवर्तन (जैसे– बी.एस–सी. भाग–एक से बी.ए. भाग–एक में) भी पोर्टल में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर नहीं किया जावेगा। ऐसे छात्र/छात्राएँ प्रवेश प्रक्रिया के वर्तमान/आगामी चरण में पुनः नवीन पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।

यदि किसी आवेदक छात्र–छात्रा के ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि हो अथवा जिस विषय/विषय समूह में प्रवेश हेतु आवेदन किया है, उसमें सीट भर चुकें हैं अर्थात प्रवेश हेतु सीट रिक्त नहीं है, तो महाविद्यालय के प्राचार्य संबंधित छात्र–छात्रा से त्रुटि सुधार, विषय/विषय समूह परिवर्तन के लिए संलग्न निर्धारित आवेदन प्रपत्र में अथवा प्रपत्र अनुसार हस्तलिखित आवेदन प्राप्त कर पोर्टल में लॉगिन कर Admission के अन्तर्गत Verify Student में जाकर आवेदक छात्र–छात्रा की यूजर आईडी दर्ज कर महाविद्यालय स्तर पर ही ऑनलाईन त्रुटि सुधार, विषय/विषय समूह परिवर्तन कर सकेंगे।

संलग्न निर्धारित प्रारूप में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन सहायक कुलसचिव (अकादमिक/प्रशासन), महाविद्यालय के प्राचार्य/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

कुलसचिव
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक /521/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 23/06/2022

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।
02. प्राचार्य, समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर।
03. विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर।

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**